"सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2015" के अवसर पर श्री एस.पी.एस. बक्शी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईपीआईएल ने समस्त कर्मचारियों को 'निवारक सतर्कता' के विषय पर स्वलिखित संदेश से अवगत कराया।

# निवारक सतर्कता

निवारक सतर्कता, संगठन में बुनियादी मौलिक उपकरण है और यह पारदर्शिता लाता है तथा संगठन को और अधिक प्रभावी बनाता है। निवारक सतर्कता विशेष रूप से कर्मचारियों और सामान्य रूप से संगठन की प्रभावशीलता तथा कार्यकुशलता सुनिश्चित करता है।

ईपी आई के अधिकारियों को इस दिशा में शिक्षित करने, स्वच्छ-ईमानदार, प्रभावी और पारदर्शी निर्णय लेने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जिससे संगठन के कार्य में मौलिक बदलाव आया है। मैं सभी कर्मचारियों को आवाहन करता हूँ कि वे अपने कार्यक्षेत्र में समस्याओं और कमियों को ढूँढकर उनका निवारण करें ताकि संगठन की उत्पादकता और अधिक बढ़ाई जा सके।

एस पी सिंह बक्शी

# Observance of “Vigilance Awareness Week - 2015”

Engineering Projects (India) Ltd. (EPIL) observed the Vigilance Awareness Week - 2015 in its Corporate and Regional Offices (Chennai, Delhi, Mumbai, Guwahati & Kolkata) from 26.10.2015 to 31.10.2015 along with various site offices.

Shri SPS Bakshi, Chairman & Managing Director, (CMD) EPIL inaugurated the “Vigilance Awareness Week – 2015” at 11:00 AM on 26.10.2015 by administering the Pledge to all officials of the company working in its Corporate Office and Northern Region of EPIL in New Delhi. The Regional Office In-charges and other In-charges of various sites of EPIL also administered the Pledge to their staff on 26.10.2015 at 11:00 AM. On this occasion Message from Central Vigilance Commission was read out by Mrs. Chaitali Panmei, Chief Vigilance Officer, EPIL. Messages from Hon’ble President, Hon’ble Vice President, Hon’ble Prime Minister of India, Hon’ble Home Minister of India, Hon’ble Chief Justice of India and Hon’ble Comptroller & Audit General of India were read out by CMD, ED (C&E), GGM (Vigilance), ED(Railways), Shri Mool Chand, ED and ED(Legal) respectively.

During “Vigilance Awareness Week - 2015” the following competitions were organized for all employees of EPIL:

1. An Essay Competition on **“Preventive Vigilance as a Tool of Good Governance”.**
2. A Poster Competition on **“Role of Media in Combating Corruption”.**

The nominated Committee members declared the best three essay and the best three posters for prizes.

During the week a Lecture on **“CVC Guidelines on Public Procurement and other Aspects of Preventive Vigilance”** was also organized at Corporate Office on 27.10.2015. A large number of EPI’s officials of Corporate Office and Northern Region Office attended the Lecture. Shri Ramesh Chandra, Chief Technical Examiner of Central Vigilance Commission addressed this Lecture and concluded this with an interactive session.

All the staff of EPIL showed extreme interest in observing the Vigilance Awareness Week as well as in the competitions organized during this week.

**‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2015’ का आयोजन**

इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (इंडिया) लि. (ईपीआईएल) ने अपने कॉरपोरेट कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों (चेन्नई, दिल्ली, मुम्बई, गुवाहाटी व कोलकत्ता) में 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2015 तक ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2015’ का उत्साहपूर्वक आयोजन किया।

सर्वप्रथम श्री एस.पी.एस. बक्शी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने कॉर्पोरेट एवं उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय में कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाकर ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2015’ का उद्घाटन किया। इसके पश्चात श्रीमती चैताली पान्मई, मुख्य सर्तकता अधिकारी ने केन्द्रीय सर्तकता आयोग के संदेश को पढा। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के संदेश के पश्चात अध्यक्ष-सह–प्रबंध निदेशक ने माननीय राष्ट्रपति, कार्यकारी निदेशक (परामर्श एवं इंजीनियरिंग) ने माननीय उप-राष्ट्रपति, ग्रुप महाप्रबंधक (सतर्कता) ने माननीय प्रधानमंत्री, कार्यकारी निदेशक (रेलवे) ने माननीय गृहमंत्री, कार्यकारी निदेशक (विधि) ने माननीय नियंत्रक एवं लेखा परीक्षा जनरल व श्री मूलचंद जी, कार्यकारी निदेशक ने माननीय मुख्य न्यायधीश के संदेशों को उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया।

ईपीआई के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों व अन्य साइटों के प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रीय कार्यालयों व साइटों पर कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाइ और सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया।

सर्तकता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर समस्त ईपीआई कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :

अ) निबंध प्रतियोगिता, जिसका विषय था **“सुशासन के उपकरण के रूप में निवारक सर्तकता” (Preventive Vigilance as a Tool of Good Governance)**.

ब) पोस्टर प्रतियोगिता, जिसका विषय था **“भ्रष्टाचार का मुकाबला करने में मीडिया की भूमिका” (Role of Media in Combating Corruption)**.

मनोनीत कमेटी के सदस्यों द्वारा तीन सर्वश्रेष्ठ निबंधों व पोस्टरों को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों के लिये चयनित किया गया ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 27 नवम्बर, 2015 को ईपीआई के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक व्याख्यान(लेक्चर) का भी आयोजन किया गया । व्याख्यान(लेक्चर) का विषय था **"CVC Guidelines on Public Procurement and other Aspects of Preventive Vigilance".** । इस व्याख्यान (लेक्चर) को केन्द्रीय सतर्कता आयोग में कार्यरत श्री रमेश चन्द्रा, मुख्य तकनीकी परीक्षक ने सम्बोधित किया । इस व्याख्यान (लेक्चर) के दौरान कॉर्पोरेट कार्यालय व उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

ईपीआई के समस्त कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह व प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।